पाठ योजना
कक्षा : चौथी
पाठ : प्रकृति का संदेश
कौशल - लेखन ,वाचन
संक्षिप्त पाठ परिचय- 'प्रकृति का संदेश ' कविता के माध्यम से कवि ने प्रकृति के उदाहरणों द्वारा जीवन जीने तथा जीवन में प्रगति करने के उपाय बताए हैं। हम सबको प्रकृति से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।
के पी आई 1 विद्यार्थी 'ब' और "भ' वर्णों का सही उच्चारण कर सकेंगे।
के पी आई 2 विद्यार्थी 'ब' व 'भ' वर्णों का सही प्रयोग कर सकेंगे ।
उद्देश्य -
विशिष्ट उद्देश्य-
1विद्यार्थी 'ब'और 'भ' वर्णों का सही उच्चारण कर सकेंगे।(प्रयोग)
2 विद्यार्थी 'ब' और 'भ' वर्णों का सही प्रयोग कर सकेंगे ।(प्रयोग)
3 उचित आरोह अवरोह के साथ कविता का वाचन कर सकेंगे ।(प्रयोग)
4 दी गई विषय वस्तु पर लिखित अभिव्यक्ति कर सकेंगे ।(प्रयोग)
5 शब्द मंडार बढ़ेगा ,।(ज्ञान)
व्यवहारिक उद्देश्य - 1 प्रकृति के महत्व को जानेंगे ।(ज्ञान)
2 प्रकृति से स्वयं को जोड़ सकेंगे ।(समझ) प्रक्रिया - पाठ पढ़ाने के पूर्व
गतिविधि 1 प्रकृति की सुंदरता से संबंधित वीडियो दिखाया जाएगा ।
लिंक
गतिविधि 2 वीडियो के आधार पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे जाएंगे -
-आपने वीडियो में क्या-क्या देखा ?
- वीडियो आपको कैसा लगा ?
प्रकृति से संबंधित शब्दों की सूची बनाइए -
कविता का अनुकरण वाचन ,प्रत्येक बच्चे द्वारा कविता का वाचन, कविता का अर्थ समझाना (व्याख्या उदाहरण विधि) लेखन कार्य - सुलेख, शब्दार्थ ,प्रश्नोत्तर, पुस्तकीय कार्य (विलोम शब्द ,पर्यायवाची शब्द, शुद्ध रूप, वाक्य बनाना) 'ब' और 'भ' ,'क' और 'ख' वर्णों का वाले शब्दों की सूची का वाचन करवाना। रचनात्मक लेखन - चित्र वर्णन (प्रकृति से संबंधित)
प्रकल्प कार्य -प्रकृति से संबंधित (नदी में नाव, लहर ,पहाड़ ,पेड़, फूल, फल ,पत्थर, मिट्टी ,सूरज, चाँद आदि)का चित्र बनाकर उसमें ' क' व 'ख' 'ब'और 'भ' वर्ण वाले शब्द लिखिए-
गृह कार्य - घर से बाहर आते -जाते समय दुकानों पर लगे साइन बोर्डआदि पर लिखे हिंदी नाम, विज्ञापन पढ़ना और कक्षा में चर्चा करना ।
क' व 'ख' 'ब'और 'भ' वर्ण से संबंधित अभ्यास पत्र (वर्ग पहेली)
मूल्यांकन-
* प्रकल्प कार्य
* रचनात्मक लेखन
* कविता व अनुच्छेद वाचन
अधिगम उपलब्धि -
1 विद्यार्थी शब्दों का सही उच्चारण और लेखन करने लगे-(प्रयोग)
2 शब्द भंडार बढ़ा-(ज्ञान) 3 विद्यार्थी कल्पना शक्ति द्वारा लिखित अभिव्यक्ति करने लगे -(प्रयोग)
4 विद्यार्थी प्राकृतिक वातावरण में रहने के लिए प्रेरित हुए -(समझ)